# 94 लाख की ठगी का खुलासा, अंतर्राज्यीय ठग सुभाष गिरफ्तार

## मंडला के 150 मजदूरों को लगाया था लाखों का चूना, एक शिकायत के बाद खुला मामला

**फर्जी चेक देकर हड़पी थी मजदूरी**




**मंडला 25 जुलाई. मंडला जिले के मजदूरों को लगभग 94.50 लाख का चूना लगाने वाले एक अंतर्राज्यीय ठग सुभाष मंडल 42 वर्ष, निवासी सागरपारा, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल को अंजनिया पुलिस चौकी, थाना बम्हनी पुलिस की तत्परता और अथक प्रयासों से गिरफ्तार किया गया.**

आरोपी काफी लंबे समय से फरार चल रहा था. आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था. बताया गया कि मामला तब सामने आया जब 24 जून को बिहारी लाल यादव 45 वर्ष निवासी ग्राम घोट बिछिया ने शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि सुभाष मंडल ने छल-कपट से उनकी और करीब 150 अन्य मजदूरों की 94 लाख 50 हजार रुपए की मजदूरी हड़प ली और उन्हें जाली, कूटरचित चेक देकर धोखाधड़ी की. नवंबर 2024 में ठेकेदार सुभाष मंडल बैंगलोर से ग्राम खर्राझर, अंजनिया आया था. उसने मजदूरों को 600 प्रतिदिन मजदूरी और अतिरिक्त बोनस का वादा करके बैंगलोर और उसके आसपास शासकीय रेलवे लाइन प्रोजेक्ट में काम करने के लिए फुसलाया. ग्राम खर्राझर, औरई, बघरौड़ी, घोट, बरबसपुर और अन्य जगहों से लगभग 150 मजदूर 19 नवंबर 2024 से 8 मार्च 2025 तक बैंगलोर के आसपास रेलवे लाइन प्रोजेक्ट कंगेरी, मैसूर में काम करने गए.

**पुलिस से बचने बदल रहा था स्थान :** शिकायत की जांच उपनिरीक्षक प्रवीण शर्मा, चौकी प्रभारी अंजनिया ने की. जांच में यह खुलासा हुआ कि सुभाष मंडल ने मजदूरों को काम करवाने के बाद ठेकेदारों से तो पैसे प्राप्त कर लिए लेकिन मजदूरों को उज्जवल फाइनेंस बैंक के किसी अन्य व्यक्ति के खाते के कूटरचित चेक दिए जो बाद में बाउंस हो गए. इस संबंध में पुलिस चौकी अंजनिया में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया. आरोपी लगातार अपनी जगह बदल रहा था और अलग-अलग राज्यों में घूम रहा था, जिससे उसकी गिरफ्तारी मुश्किल हो रही थी. पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया.

**खुलासा : फर्जी चेक देकर करता था धोखाधड़ी**

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अलग-अलग जगहों से मजदूरों को अच्छे काम का लालच देकर एकत्र करता था, जो टेंडर, प्रोजेक्ट निकलते थे, उनमें वह स्वयं ठेकेदार के रूप में काम करते हुए मजदूरों को काम में लगाता था. वह मजदूरों को केवल खाने-रहने का पैसा देता था और बाकी पैसे चेक से देने का कहकर किसी और का फर्जी चेक देकर धोखा देता था. पुलिस अभी आरोपी से और जानकारी जुटा रही है कि आरोपी ने अन्य जिलों, राज्यों में भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है या नहीं. प्रकरण की विवेचना जारी है और यदि विवेचना में और भी लोगों की संलिप्तता पाई जाती है तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा. आरोपी के कब्जे से मजदूरों को दी गई फर्जी स्मॉल फाइनेंस बैंक की चेकबुक, खाताधारक निवासी उमरिया का आधार कार्ड और अन्य कई बैंकों की चेकबुक, पासबुक व एटीएम बरामद हुए हैं.

# कान्हा टाइगर रिजर्व में पैंगोलिन का सफल रेस्क्यू

**मंडला, 25 जुलाई. कान्हा क्षेत्र में एक दुर्लभ जीव विगत रात्रि कान्हा के खापा रेज के सरेखा ग्राम में एक ग्रामीण के घर में घुस गया. इस दुर्लभ जीव को देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए. इस जीव की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल कान्हा पार्क प्रबंधन को दी.**

ग्रामीणों का कहना था कि इस जीव को पहले कभी नहीं देखा है. सूचना मिलते ही कान्हा पार्क प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और कान्हा के कोर जोन में इस दुर्लभ जीव पैंगोलिन को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया. बताया गया कि ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल कान्हा की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची. बताया गया कि कान्हा के इस क्षेत्र



में पैंगोलिन की उपस्थिति कम होने के कारण ग्रामीणों को इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं थी. टीम ने पहले आवश्यक जानकारी जुटाई इसके बाद रात में ही पैंगोलिन का सफल रेस्क्यू किया. कान्हा टाइगर रिजर्व बफर जोन की डिप्टी डायरेक्टर अमिता केबी ने बताया कि रेस्क्यू के बाद पैंगोलिन का वजन और लंबाई नापी गई, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ मिला और उसे एक डार्क रूम में रखा गया.

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद को फोन पर जान से मारने की धमकी

**ग्वालियर 25 जुलाई.** प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.गोविंद सिंह को आज फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है. डॉ. गोविंद सिंह ने मध्य प्रदेश पुलिस के महानिदेशक कैलाश मकवाना को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि सुबह 9-10 बजे दूरभाष पर उनके मोबाइल पर फोन आया और धमकी दी कि तू जल्दी मरने वाला है. तेरा मकान जल्दी तोड़ दिया जाएगा. मोबाइल किसी शैलेन्द्र चौहान उत्तरप्रदेश का था. पुलिस जांच में जुटी है.

# नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी फर्जीवाड़ा का खुलासा

**हाईकोर्ट ने एमपी ऑनलाइन को दिए डाटा सीज करने के आदेश**

**जबलपुर.** हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी फर्जीवाड़ा सामने आया है. याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता तथा सीबीआई की तरफ से फैकल्टी की मार्कशीट अलग-अलग पाई गयी. हाईकोर्ट जस्टिस हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस डी के पालीवाल ने मार्कशीट फर्जीवाड़े को गंभीरता से लेते हुए एमपी ऑन-लाइन को मप्र नर्सिंग काउंसलिंग के डाटा को सीज करने के आदेश जारी किये हैं जिससे डाटा में किसी प्रकार छेड़छाड़ नहीं की जा सके. याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार 28 जुलाई को निर्धारित की गयी है. नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधित फर्जीवाडे को चुनौती देते हुए लॉ स्टूडेंट एसो.अध्यक्ष विशाल बघेल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. याचिका की सुनवाई के दौरान पेश किये आवेदन में बताया था कि सीबीआई जांच में अनसूटेबल पाये गये कॉलेज में पैरामेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे. युगलपीठ ने आवेदन की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये है. युगलपीठ ने प्रदेश के पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए याचिका की सुनवाई नर्सिंग कॉलेज संबंधित याचिका के साथ करने के निर्देश दिये थे.

याचिका पर गत दिवस हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया था कि सेंधवा नर्सिंग कॉलेज की दो बार जांच करने के बाद उसे सूटेबल करार दिया है. उक्त कॉलेज में कार्य कर रहे फैकल्टी फर्जी है. सुनवाई करते हुए सीबीआई को उक्त कॉलेज की जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किये थे. पैरामेडिकल कॉलेज की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया पर रोक बरकरार रखते हुए मान्यता संबंधित आवेदन तथा निरीक्षण रिपोर्ट 24 घंटे में न्यायालय के समक्ष पेश करने के आदेश जारी किये थे.

# कांग्रेस विधायक पर कर्मचारी से मारपीट का आरोप

- **केस दर्ज करने को लेकर पूर्व विधायक ने थाने को घेरा**
- **समर्थको के साथ धरने पर भी बैठ गए**

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 जुलाई, सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा और उनके कर्मचारियों पर मारपीट किये जाने का आरोप उनके एक कर्मचारी द्वारा लगाया गया है.**

दरअसल तीन महीने का वेतन मांगने पर फार्म हाउस में बंधक बनाकर मारपीट किये जाने के आरोप के बाद मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया.



एफआईआर न लिखे जाने का विरोध करते हुए सत्ता दल के पूर्व विधायक समर्थको के साथ थाने का घेराव करते हुए धरने पर बैठ गये. इस दौरान पुलिस और पूर्व विधायक के बीच जमकर नोकझोक हुई. देर रात तक थाने का घेराव चलता रहा. वही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कर्मचारी के आरोपो को गलत और बेबुनियाद ठहराते हुए दो कर्मचारियो का विवाद बताया और कहा यह राजनीतिक विरोधी मेरे खिलाफ षडयंत्र कर रहे है.

**यह है मामला**

दरअसल पिछले एक वर्ष से सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के तिघरा स्थित फार्म हाउस में काम करने वाले अभिषेक तिवारी उर्फ नितिन पिता सतीष तिवारी निवासी भलुआ ने आरोप लगाया कि गुरूवार की शाम 6.30 बजे फार्म हाउस में विधायक अभय मिश्रा और उनके कर्मचारियो द्वारा बंधक बनाकर मारपीट की गई है. पीड़ित के मुताबिक उसके द्वारा किसी तरह से बच कर निकलने के बाद रात 2 बजे थाने पहुंचकर शिकायत की. लेकिन एफआईआर नही लिखी गई. दूसरे दिन शुक्रवार को मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया.

# अवैध रूप से भंडारित 63 बोरी खाद जब्त

## ग्राम साडरा में निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई

**साडरा. 24 जुलाई को अज्ञात सूत्रों से प्राप्त सूचना पर ग्राम साडरा में अवैध रूप से भंडारित रासायनिक खाद जब्त किया गया है.**

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व(लांजी) कमलचंद सिंहसार, अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) खुदीराम सनोडिया, तहसीलदार साडरा संजय बारस्कर एवं उर्वरक निरीक्षक लांजी कुलदीप गनवीर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पद्माकर बिल्हारे ग्राम साडरा के निवास स्थल में स्थित पशुघर के कमरे में रसायनिक खाद एनपीके 20.20.0.13 के 32



बैग एवं यूरिया के 31 बैग भंडारित पाये गये. इस संबंध में पूछे जाने पर रासायनिक उर्वरक ग्राम बम्हनी तालुका सालेकसा महाराष्ट्र से कृषि कार्य के लिए क्रय किया जाना बताया गया. जिसके बिल प्रस्तुत नहीं किए गए.

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में निर्देशन में उक्त अवैध भंडारण रासायनिक उर्वरक का मौका पंचनामा, जप्तिनामा एवं सुपर्दनामा तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है.

# कार्रवाई : होटल-ढाबों से जब्त किए 16 घरेलू गैस सिलेंडर

**छिंदवाड़ा 25 जुलाई. आपूर्ति विभाग की टीम ने परासिया क्षेत्र में संचालित हो रही होटल और ढाबों की जांच कर 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया.**

बता दे कि जिला आपूर्ति अधिकारी गंगा कुमरे के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी जिेन्द्र सिंह बरकड़े, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री सरफरोज खान, सहायक आपूर्ति अधिकारी गीतराज गेडाम, सहायक आपूर्ति अधिकारी राघवेन्द्र सिंह लिल्होरे, जेएसओ परासिया सुमित चौधरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नागेश्वर श्रीवास एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आलोक काछी के साथ संयुक्त रूप से गत दिवस



जिले के विकासखंड परासिया स्थित होटल, ढाबों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई. संयुक्त जांच दल द्वारा जांच में चाय की होटल इकलेहरा से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, मनमोहक चाय इकलेहरा से भी एक घरेलू गैस सिलेण्डर आदि जगहों से सिलेंडर जब्त किए गए है.

# दो सिर वाली बच्चियों की जिंदगी से जंग

**डॉक्टर बोले- जिंदा रहने की संभावना बेहद कम**

**इंदौर 25 जुलाई. महाराजा तुकोजीराव हॉस्पिटल में 23 जुलाई बुधवार को जन्मी दो सिर वाली बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है. फिलहाल उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है और डॉक्टरों की टीम उसकी जान बचाने की हर संभव कोशिश कर रही है, लेकिन मेडिकल साइंस की सीमाएं खुद डॉक्टरों को मजबूर कर रही हैं.**

डॉक्टरों का कहना है कि गर्दन से जुड़े दोनों के सिर है, मगर शरीर नहीं. इसलिए इन्हें अलग नहीं किया जा सकता. पीडियाट्रिक स्पेशलिस्ट डॉ. प्रीति मालपानी ने साफ कहा बच्ची के गर्दन से दोनों



सिर जुड़े हैं, इसलिए इन्हें अलग करना संभव नहीं है. ऐसे मामलों में सर्जरी का कोई रास्ता नहीं बचता. डिलीवरी से पहले परिजन जुड़वां संतान मान रहे थे, लेकिन जन्म के बाद मामला डॉक्टरों के लिए भी एक दुर्लभ मेडिकल केस बन गया. दो सिर और एक धड़ वाली यह बच्ची अब एक केस स्टडी बन चुकी है. डॉ. मालपानी का कहना है कि यह मेडिकल कंडीशन बेहद दुर्लभ है, करीब 1 से 2 लाख में ऐसा एक केस देखने को मिलता है. इस प्रकार की विकृति का बड़ा कारण जेनेटिक होता है. देवास निवासी जिस महिला ने बच्ची को जन्म दिया, उसका पिछला गर्भ भी तीन माह में गिर चुका था. डॉक्टर्स का मानना है कि यह भी जेनेटिक डिसऑर्डर से जुड़ा कारण रहा होगा. उनके मुताबिक आमतौर पर ऐसे भ्रूण या तो गर्भ में ही दम तोड़ देते हैं या जन्म के कुछ ही घंटों या दिनों के भीतर उनकी मौत हो जाती है. इस केस में बच्ची के दो सिर हैं लेकिन शरीर एक ही है, यानी सिर्फ एक दिल, एक लिवर, एक फेफड़ा और एक पाचन तंत्र. मेडिकल टीम के सामने अब दोहरी चुनौती है, एक ओर बच्ची की जान बचाना, दूसरी ओर भविष्य की संभावित जटिलताओं से निपटना.

# प्रेम-प्रसंग में मिला धोखा जहर खा कर दे दी जान

**बागली 25 जुलाई. बेहरी निवासी 21 वर्ष की वर्षा पिता मिश्रीलाल जाति बलाई ने गुरुवार को शाम 5ेबजे प्रेम प्रसंग के चलते जहरीली वस्तु खाकर जान दे दी वह डेढ़ माह से परिजनों से अलग रह रही थी. संबंधित लड़की ने कुछ महीने पहले बागली में झिकड़ा खेड़ा निवासी नीरज पिता तुलसीराम देवड़ा के साथ प्रेम विवाह जटा शंकर मंदिर में कीया था.**

लड़की को कुछ साथ रहने के बाद पता चला की निरज देवड़ा स्वयं पहले से शादीशुदा होकर एक बालक का पिता है .नीरज ने पूर्व में भी अन्य समाज की लड़की से प्रेम विवाह किया है. लड़की को जब मालूम पड़ा तो लड़की ने बुधवार को बागली थाने में जाकर नीरज के खिलाफ आवेदन दिया इसके पास शादी का कोई पर्याप्त सबुत नहीं होने से बागली पुलिस द्वारा बताया गया की नीरज के खिलाफ कोई धारा नहीं बनती है .लड़की ने क्षुब्ध होकर गुरुवार करीब 5 बजे जहरीली वस्तु खाकर गांव में ही अपने माता-पिता के पास पड़ोस में रहने वाली सहेली को फोन लगा कर बोला था. मेरी मम्मी को बोल देना मैं जहरीला पदार्थ खा लिया है. उसे परिजन नीजी अस्पताल में लेकर गए जहां पर लड़की ने दम तोड़ दिया. स्वास्थ्य विभाग में पीएम कर शव परिजनों को सौंपा.

# श्रमिक की करंट से मौत, रिसोर्ट मालिक गिरफ्तार

## बिजली सुरक्षा में लापरवाही से गई जान, पुलिस ने उठाया सख्त कदम

**अनूपपुर 25 जुलाई. सर रिसोर्ट फन सिटी वाटर पार्क जमुड़ी में 13 जुलाई को हुए हादसे में श्रमिक की मौत के 12 दिन बाद आखिरकार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को रिसोर्ट संचालक रईस खान को गिरफ्तार कर लिया.**

मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने रिसोर्ट प्रबंधन की घोर लापरवाही को जिम्मेदार माना है. जांच पूरी होने पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज कर सर रिसोर्ट फन सिटी के संचालक रईस खान उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 चंदास मोहल्ला अनूपपुर को गिरफ्तार कर लिया है.

**क्या था मामला :** श्रमिक चांद मोहम्मद निवासी ग्राम जमुड़ी जो कि वाटर पार्क में बेल्डिंग का कार्य कर रहा था, इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया. गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हादसे के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी. बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष इसी वॉटर पार्क में नहाते समय डूबने से 17 वर्षीय बालक की मौत हो चुकी थी, जिस पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था.

**जांच में यह सामने आया मामला**

कोतवाली नगर निरीक्षक अरविंद जैन के अनुसार जांच के लिए गठित टीम में सहायक उपनिरीक्षक कमलेश सिंह चौहान, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील पटेल और संभागीय विद्युत निरीक्षक नवीन त्रिपाठी शामिल थे. टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की. जांच में यह साफ हुआ कि श्रमिक से बिना पर्याप्त विद्युत सुरक्षा उपकरणों के बेल्डिंग कराई जा रही थी. सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही की वजह से चांद मोहम्मद की मौके पर ही जान चली गई.

**सवालों के घेरे में रिसोर्ट प्रबंधन**

इस घटना ने जिला प्रशासन और रिसोर्ट प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जहां एक ओर वाटर पार्क जैसे स्थानों पर सख्त सुरक्षा मानकों की जरूरत होती है, वहीं यहां मजदूरों से कार्य कराते वक्त सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी सामने आई है. इतना ही नही वॉटर पार्क जाने वालेलोगो के लिए कोई सुरक्षा के इंतजाम नही किये गये है, जिसके कारण आये दिन इस वॉटर पार्क में कोई ना कोई बड़ी घटना घटित होती रहती है.

# स्टेयरिंग फेल होने से बस पलटी, जनहानि टली

**अनूपपुर, 25 जुलाई. जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब राजेंद्रग्राम से गोपालपुर जा रही एक यात्री बस लखौरा के पास स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई. गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और बस में सवार सभी 12 यात्री सुरक्षित बच निकले.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरातफरी मच गई. स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और




मामले की जांच शुरू कर दी है. बस चालक संतोष जायसवाल ने बताया कि बस जैसे ही लखौरा के पास पहुंची, अचानक स्टेयरिंग ने काम करना बंद कर दिया. स्टेयरिंग फेल होने के चलते बस अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गई. उन्होंने बताया भगवान की कृपा से सभी यात्री सुरक्षित हैं,

**बारिश** | आधा-आधा मीटर की औसत ऊंचाई तक सात जल द्वारों को खोला

# बरगी के 2 और गेट खुले, 40,259 क्यूसेक पानी छोड़ा

**जबलपुर 25 जुलाई. रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने शुक्रवार को सुबह 11 बजे इससे वर्षा जल निकासी की मात्रा 10 हजार 595 क्यूसेक से बढ़ाकर 40 हजार 259 क्यूसेक की गई. इसके लिये बांध के आधा-आधा मीटर की औसत ऊंचाई तक खुले पांच जलद्वारों के स्थान पर 1.21 मीटर की औसत ऊंचाई तक सात जल द्वारों को खोला गया.**

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह गौंड के अनुसार बरगी बांध के ऊपरी क्षेत्र में हो रही



बारिश के कारण गुरुवार रात 8 बजे इसका जल स्तर 419 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय बांध में 36 हजार 868 क्यूसेक वर्षा जल प्रवेश कर रहा था. बांध से जल निकासी की मात्रा बढाये जाने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी के वर्तमान जल स्तर में 2 से 3 फुट की वृद्धि हो सकती है. उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा नदी के घाटों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की अपील की है.

**ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष के बंगले में घुसा सीवर का पानी**

ग्वालियर शहर का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से बिगड़ गया है. हालत यह है कि ग्वालियर शहर की दर्जनों कालोनियां जल भराव की चपेट में आ गई है, तो वहीं कुछ मकानों की दीवारें बारिश के पानी से गिर गई है. शहर के सबसे वीवीआईपी रोड़ पर मौजूद मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का बगलें में भी सीवर का पानी भर गया. स्पीकर के बंगले के परिसर में सीवर का पानी भर गया. सीवर का पानी थोड़ा बहुत नहीं बल्कि घुटनों से ज्यादा भरा हुआ था. बंगले के अंदर खुद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मौजूद थे. नगर निगम की दो गाड़ियों से पानी को बाहर निकाला गया. ऐसे में नरेंद्र सिंह से मिलने के लिए आने वाले लोग बेहद परेशान हो रहे क्योंकि जल भराव बहुत ज्यादा था.




# बिक्री के फैसले में सीधे तौर पर शामिल सीमांतो रॉय

**सहारा जमीन घोटाले में एफआईआर दर्ज**

**भोपाल 25 जुलाई. भोपाल, जबलपुर और कटनी में सहारा की जमीन बिक्री घोटाले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. मामले में शिकायत की जांच के बाद ईओडब्लू ने यह एफआइआर दर्ज की.**

आरोप है कि सहारा ने जमीन बेचने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया. 1000 करोड़ की कीमत वाली जमीन को महज 98 करोड़ रुपए में बेच दिया. जमीन बेचने के बाद भी निवेशकों को उनका बाकी पैसा नहीं लौटाया. ईओडब्ल्यू के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सेबी-सहारा खाते में पैसे जमा कराने की बजाए सहारा ग्रुप ने शैल कंपनियों में राशि जमा करा दी. इस मामले में आशुतोष मनु दीक्षित की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की. ईओडब्ल्यू के अनुसार जबलपुर और कटनी में जमीन बेचने के फैसले में कॉर्पोरेट कंट्रोल मैनेजमेंट प्रमुख सीमांतो रॉय सीधे शामिल पाए गए. घोटाले में कुल 72.82 करोड़ रुपए के गबन का आरोप है.सहारा ग्रुप की जमीन घोटाले की शिकायत के बाद फरवरी में ईओडब्लू ने जांच शुरू की.

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत

**सिंगरौली 25 जुलाई.** कोतवाली थाना क्षेत्र के समीपी वार्ड क्रमांक 38 ढोटी में आकाशीय बिजली की चपेट में एक युवक आ गया. जिससे मौत हो गई. आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंचे. जहां युवक को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह ट्रामा सेंटर पहुंच परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़ंस बंधाने का प्रयास किया. वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत ढोटी निवासी दिलीप शाह उम्र 30 वर्ष की आज दिन शुक्रवार को आकस्मिक रूप से आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई.